(ख) कितने कर्मचारियों को आवासीय सुविधाएं प्रदान की गई हैं ;

(ग) जिन कर्मचारियों को आवासीय सुविधायें प्रदान नहीं की गई हैं उनके लिए क्या प्रबन्ध करने का विचार है और कब तक ;

(घ) क्या इस सम्बन्ध में रिजर्व बैंक कर्मचारी संघ ने अधिकारियों को कोई ज्ञापन दिया है ; और

(ङ) यदि हां, तो उस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

वित्त मन्त्री (श्री यशवन्तराव चव्हाण) : (क) भारतीय रिजर्व बैंक की पटना शाखा में चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों की स्वीकृत संख्या 226 है ।

(ख) और (ग). रिजर्व बैंक ने पटना में चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों (अनुरक्षण कर्मचारियों) के लिए 10 फ्लेटों की व्यवस्था कर रखी है । इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट, राज्य सरकार और समाचार-पत्रों में विज्ञापन के जरिए अत्यधिक प्रयत्न करने के बावजूद भी, रिजर्व बैंक चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों के क्वार्टर बनाने के लिए पटना में भूमि प्राप्त नहीं कर सका है । उपयुक्त भूमि प्राप्त करने के लिए रिजर्व बैंक द्वारा प्रयत्न किये जा रहे हैं । उपयुक्त भूमि प्राप्त होते ही रिजर्व बैंक अतिरिक्त क्वार्टर बनाने के लिए कदम उठायेगा ।

(घ) रिजर्व बैंक से प्राप्त सूचना के अनुसार चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों के क्वार्टरों के सम्बन्ध में, रिजर्व बैंक के केन्द्रीय कार्यालय के पास कर्मचारी संघ का कोई ज्ञापन नहीं है ।

(ङ) यह प्रश्न उपस्थित नहीं होता ।

दिल्ली के कालेजों में अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित आदिम जाति के विद्यार्थियों के लिये प्रवेश

6472. **श्री रामावतार शास्त्री :**

श्री आर० बालकृष्ण पिल्ले :

क्या शिक्षा और समाज कल्याण मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या इस वर्ष अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिम जातियों के कुछ विद्यार्थियों को दिल्ली के कालेजों में प्रवेश देने से इन्कार कर दिया गया है ;

(ख) यदि हां, तो उनकी संख्या क्या है ; और

(ग) कालेजों में उनके प्रवेश को सुनिश्चित करने के लिये क्या कार्यवाही की जा रही है ?

शिक्षा और समाज कल्याण मन्त्रालय तथा संस्कृति विभाग में उप-मन्त्री (श्री डी० पी० यादव) : (क) दिल्ली विश्वविद्यालय के अनुसार सभी अनुसूचित जाति/कबीलों के विद्यार्थी जिन्होंने दाखिला मांगा था और जो 5 प्रतिशत अंकों की छूट सहित न्यूनतम आवश्यकताओं को पूरा करते थे, दाखिल कर लिये गये हैं ।

(ख) और (ग). प्रश्न नहीं उठता ।

Seizure of Forged Dollars in Coimbatore

6473. SHRI M. M. JOSEPH : Will the Minister of FINANCE be pleased to state :

(a) whether recently any arrests were made in Coimbatore in regard to the seizure of forged American dollar notes ; and

(b) if so, the steps taken by Government against the culprits ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRI K. R. GANESH) : (a) and (b). The information is being collected from the State Government of Tamil Nadu and will be laid on the Table of the House as soon as received.

Credit facilities to Sugar Industries

6474. SHRI LAKSHMINARAYANAN : Will the Minister of FINANCE be pleased to state :

(a) whether Central Government have given some credit facilities to the Sugar factories all over the country ; and

(b) if so, the number of factories which availed of such a facility and of those who did not, and the reasons therefor ?